**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 13.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण,हिंदुस्तान,काशीवार्ता,न्यायाधीश, राष्ट्रीय सहारा,जनसंदेश टाइम्स,ज्ञानशिखा टाइम्स,जागरूक एक्सप्रेस,तरुण मित्र" समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

अमर उजाला –दि0 13.12.2024

## राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

वाराणसी। राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल और वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पुलिस लाइन परिसर में बृहस्पतिवार को सड़क मरम्मत, नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वीडीए कॉलोनी शिवपुर में मिनी स्टेडियम के पास दो पार्कों के जीर्णोद्धार कराया गया था। जिसकी लागत 9.69 लाख है। पुलिस लाइन परिसर में होने वाले कार्य की लागत 191.55 लाख रुपये है। ब्यूरो

अमर उजाला –दि0 13.12.2024

## कैंप में 17 नोटिस प्रकरण की हुई सुनवाई

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर बृहस्पतिवार को रामनगर निगम कार्यालय में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव की मौजूदगी में कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 17 नोटिस प्रकरणों की सुनवाई की गई। 03 शमन मानचित्र दाखिल कराए गए। इसी के साथ पहले से दाखिल 09 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया। कैंप में 173 लोगों ने भाग लिया। इसमें प्रस्तावित एवं शमन मानचित्र स्वीकृति, मानचित्र संशोधन तथा विकास प्राधिकरण से संबंधित जन समस्याओं का निस्तारण किया गया। इसी के साथ जनप्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल की ओर से रोड चौड़ीकरण से प्रभावित भवनों के सम्बन्ध में दिए गए सुझावों पर चर्चा की गई। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 13.12.2024

### 50 बीघे की तीन अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को 50 बीघे की तीन अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करवाई गई। इसके अलावा दो अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपे गए। नगर नियोजक प्रभात कुमार की ओर से चिह्नित 23 अवैध प्लॉटिंग में से 50 बीघे की तीन अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। नगवां वार्ड के रोहनिया सदलपुर हासापुर मिसिरपुर में अज्ञात, राम नरेश पटेल और रामजी पटेल की ओर से 10 बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इसी प्रकार सदलपुर, हासापुर में राम नरेश पटेल, रामजी पटेल एवं देवनाथ बिन्द की ओर से 30 बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। ब्यूरो

### अनधिकृत पेट्राल पंपों पर करें कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए सभागार में बृहस्पतिवार को वीडीए उपाध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कार्यों की समीक्षा की। निर्धारित अवधि में जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, अनधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल पंप के विरुद्ध कार्रवाई करें। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 13.12.2024

### शिवपुर मिनी स्टेडियम में वॉलीबॉल कोर्ट, योग पवेलियन बनेगा

#### 200 वर्ग मीटर में इनडोर गेम्स हॉल, ओपन जिम और 250 दर्शकों की क्षमता वाला स्टैंड भी बनाया जाएगा

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल और वीडीए पुलकित गर्ग की पहल पर वीडीए शिवपुर के मिनी स्टेडियम का कायाकल्प करेगा। योजना का मकसद नागरिकों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

राज्यमंत्री ने बताया कि स्टेडियम शिवपुर के लोगों के लिए न केवल खेल अभ्यास का प्रमुख केंद्र है, बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए सुबह-शाम टहलने और व्यायाम का सुलभ स्थल भी है। वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि स्टेडियम में हॉकी और फुटबॉल के लिए उच्चस्तरीय फील्ड का निर्माण, 162 वर्ग मीटर में वॉलीबॉल कोर्ट, 200 वर्ग मीटर में इनडोर गेम्स हॉल का निर्माण और ओपन जिम बनाया जाएगा।

महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, शौचालय का निर्माण किया जाएगा। 358 मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा। 50 व्यक्तियों के लिए सेमी कवर्ड योग पवेलियन बनेगा। खाद्य पदार्थों के लिए कैंटीन होगा। 250 दर्शकों की क्षमता वाला स्टैंड बनेगा।



शिवपुर मिनी स्टेडियम में बनने वाला योग पवेलियन। स्रोत : वीडीए

**358** मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा

**162** वर्ग मीटर का बनाया जाएगा कोर्ट

## दैनिक जागरण –दि0 13.12.2024

# शिवपुर क्षेत्र में 2.37 करोड़ से संवरेंगी सड़कें-गलियां

वाराणसी : स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल ने दो करोड़ 37 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस राशि से शहरी वार्ड शिवपुर में आवासीय योजना के अंतर्गत बने 42 फ्लैट के पीछे बने सर्विस लेन यानी स्टेडियम रोड के दोनों पटरियों एवं पार्क रोड के साइड पर लगभग 44 लाख रुपये में टाइल्स कार्य, वार्ड तरना में गौतम गार्डेन कालोनी बाई पास स्थित प्लाट डी-74 के पास 5.5 लाख की लागत से सड़क निर्माण तथा वार्ड डिठोरी महाल के पुलिस लाइन परिसर में एक करोड़ 92 लाख की लागत से लिंक मार्गों का सुदृढ़ीकरण एवं आरसीसी नालियों का निर्माण का शिलान्यास किया। कार्यदाई संस्था के अभियंताओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य कराने को कहा। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, अरविंद सिंह, रतन मौर्या, पार्षद अशोक मौर्या आदि मौजूद रहे। (संस)

## हिन्दुस्तान –दि0 13.12.2024

# सड़क-पटरी निर्माण का शिलान्यास

वाराणसी। स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को दो करोड़ 37 लाख की लागत से होने वाले निर्माण का शिलान्यास किया।

इसमें शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड शिवपुर में आवासीय योजना के अंतर्गत बने एमआईजी (42फ्लैट) के पीछे बने सर्विस लेन पर स्टेडियम रोड के दोनों पटरियों एवं पार्क रोड के साइड पर टाइल्स के पुर्नस्थापन, वार्ड तरना में गौतम गार्डेन कालोनी बाई पास स्थित प्लाट डी-74 के पास सड़क निर्माण, डिठोरी महाल के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में सड़कों के लिंक मार्गों का सुदृढ़ीकरण एवं आरसीसी नालियों का निर्माण शामिल है। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, अरविंद सिंह, रतन मौर्या, पार्षद अशोक मौर्या रहे।



शिवपुर में गुरुवार को विकास कार्यों का शिलान्यास करते राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल। साथ में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल।

### राज्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

वाराणसी। स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को जवाहर नगर एक्सटेंशन स्थित प्रधानमंत्री के संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय में जन समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में पुलिस, विद्युत, सड़क और अन्य शिकायतें आईं। इस पर राज्यमंत्री ने सम्बंधित अफसरों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक को क्षेत्र के जर्जर तारों को अंडरग्राउंड करने को कहा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


हिन्दुस्तान –दि0 13.12.2024

## शहर में आठ जगहों पर होंगे आधुनिक बस स्टॉप

वाराणसी। नगर निगम और वीडीए शहर में आठ जगहों पर आधुनिक बस स्टॉप बनाएंगे। इनमें मोबाइल फोन और दो पहिया वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट समेत अन्य सुविधाएं होंगी। जेपी मेहता, चौकाघाट, कैंट बस स्टेशन के सामने, काशी विद्यापीठ रोड, भेलूपुर, बाबा कीनाराम आश्रम के पास, रविदास गेट के पास एवं लंका में यह प्रस्तावित है। इन स्थानों का गुरुवार को नगर आयुक्त अक्षत वर्मा एवं वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निरीक्षण किया।

नगर निगम की जमीन पर बस शेल्टरों को बनाया जाएगा। इस पर वीडीए फंड देगा। अक्षत वर्मा ने कहा कि बस शेल्टर में यात्रियों की सुविधा के लिए डिस्प्ले बोर्ड पर बसों के वास्तविक समय प्रदर्शित होंगे।



आधुनिक बस स्टॉप का मॉडल।

आधुनिक बस शेल्टर के बन जाने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव, रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं वीसीटीसीएल के एमडी परशुराम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान –दि0 13.12.2024

## मिनी स्टेडियम का होगा कायाकल्प

वाराणसी। शिवपुर स्थित मिनी स्टेडियम का वीडीए कायाकल्प करेगा। स्टेडियम में प्रस्तावित सुविधाओं में हॉकी और फुटबॉल के लिए उच्चस्तरीय मैदान बनेगा।

162 वर्गमीटर में वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण होगा तो क्रिकेट में नेट प्रैक्टिस की सुविधा मिलेगी। 200 वर्गमीटर में इनडोर खेलों के लिए हॉल का निर्माण और ओपन जिम की सुविधा होगी। साथ ही 358 मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा वॉकिंग ट्रैक बनेगा। 50 व्यक्तियों के लिए सेमी कवर्ड योग पवेलियन बनेगा। इसके अलावा 250 दर्शकों की क्षमता वाला स्टैंड भी बनेगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि इससे खिलाड़ियों को मौका मिलेगा।

## आई नेक्स्ट –दि0 13.12.2024

# 2.37 करोड़ से संवरेंगी सड़कें-गलियां

**VARANASI:** स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल ने गुरुवार को दो करोड़ 37 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस राशि से शहरी वार्ड शिवपुर में आवासीय योजना के अंतर्गत बने 42 फ्लैट के पीछे बने सर्विस लेन यानी स्टेडियम रोड के दोनों पटरियों एवं पार्क रोड के साइड



पर लगभग 44 लाख रुपये में टाइल्स कार्य, वार्ड तरना में गौतम गार्डेन कालोनी बाई पास स्थित प्लाट डी-74 के पास 5.5 लाख की लागत से सड़क निर्माण तथा वार्ड डिठोरी महाल के पुलिस लाइन परिसर में एक करोड़ 92 लाख की लागत से लिंक मार्गों का सुदृढीकरण एवं आरसीसी नालियों का निर्माण का शिलान्यास किया. कार्यदाई संस्था के अभियंताओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य कराने को कहा. इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे.

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 13.12.2024

# नगर निगम और विकास प्राधिकरण मिलकर बनायेंगे आधुनिक सुविधाओं युक्त शेल्टर होम

वाराणसी। पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं अक्षत वर्मा, नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से वाराणसी शहर में आधुनिक बस शेल्टर बनाये जाने के लिए स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौराननगर निगम द्वारा चिन्हाकित भूमि उपलब्ध कराये जाने पर आधुनिक बस शेल्टर बनाए जाने में आने वाले व्यय की फंडिंग वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। इससे जो भी विज्ञापन आदि से रेवेन्यू प्राप्त होंगे, उन्हें दोनों विभाग को शेयर किया जाएगा।वाराणसी शहर में आधुनिक तर्ज पर बस स्टॉपेज बनाए जाने पर मोबाईल चार्जिंग, टू व्हीलर चार्जिंग एवं सीसीटीवी कैमरा की भी सुविधा उपलब्ध होगी। आधुनिक बस शेल्टर



में यात्रियों की सुविधा हेतु डिस्प्ले पर बसो की जानकारी भी प्रदर्शित होगी।जे0पी0 मेहता, चैकाघाट, कैण्ट बस स्टेशन के सामने, विद्यापीठ, भेलुपुर, कीनाराम आश्रम के पास, रविन्द्रपुरी, रविदास गेट के पास एवं लंका बस शेल्टर का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जहाँ पर आधुनिक बस शेल्टर बनाया जा सकता है, इसके अतिरिक्त जिन मार्गों पर सिटी बसें संचालित हो रही है उन मार्गो के स्टापेजों पर भी आधुनिक बस शेल्टर बनाये जायेगें, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।उपरोक्त स्थानों पर आधुनिक सुविधायुक्त बस शेल्टर के बन जाने से यात्रियों को सुविधा मिलने से यात्रियों की संख्या में बढोत्तरी होगी।निरीक्षण के दौरान श्री अनिल यादव, सहायक नगर आयुक्त, परशुराम पाण्डेय, प्रबन्ध निदेशक, वीसीटीएसएल, मौके पर उपस्थित थे,

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 13.12.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस की सुविधा हेतु कैंप का आयोजन

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर दिनांक 11 व 12 दिसम्बर को रामनगर स्थित नगर निगम कार्यालय में आम जनमानस की सुविधा हेतु कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे प्रस्तावित एवं शमन मानचित्र स्वीकृति, मानचित्र संशोधन तथा विकास प्राधिकरण से संबंधित जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। इसी के साथ जनप्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल द्वारा रोड चौड़ीकरण से प्रभावित भवनों के सम्बन्ध में दिए गए सुझावों पर चर्चा की गई तथा आम जन को नए सिरे से नए निर्माण करने एवं निर्माण में परिवर्तन करने से पूर्व विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराने हेतु सुझाव दिया गया।उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उपरोक्त के अतिरिक्त कैम्प में 17 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की गयी, 03 शमन मानचित्र दाखिल कराये गये इसी के साथ पहले से दाखिल 09 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया, कैम्प में कुल 173 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जागरूक एक्सप्रेस –दि0 13.12.2024

### शिवपुर मिनी स्टेडियम का कायाकल्प करेगा वीडीए

जिला प्रतिनिधि

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वी.डी.ए.) ने शिवपुर में स्थित मिनी स्टेडियम के कायाकल्प की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना, और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह स्टेडियम शिवपुर क्षेत्र के नागरिकों के लिए न केवल खेल अभ्यास का प्रमुख केंद्र है, बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए सुबह-शाम टहलने और व्यायाम का सुलभ स्थल भी है। स्टेडियम में प्रस्तावित सुविधाओं में हॉकी और फुटबॉल के लिए उच्च स्तरीय फील्ड का निर्माण, 162 वर्ग मीटर में वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट की सुविधा, लगभग 200 वर्ग मीटर में इनडोर गेम्स हॉल का निर्माण व ओपन जिम की सुविधा होगी। खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रबंध किया जायेगा जिसमें महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, महिला एवं पुरुष शौचालय का निर्माणकिया जायेगा। स्वास्थ्य और मनोरंजन के क्षेत्र में 358 मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा वॉकिंग ट्रैक (1.20 मीटर पक्का और 1.80 मीटर कच्चा) होगा। 50 व्यक्तियों के लिए सेमी-कवर्ड योग पवेलियन बनेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष क्षेत्र रहेगा। स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के लिए कैंटीन होगी। दर्शकों के लिए सुविधाओं में खेल प्रतिस्पर्धाओं को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए 250 दर्शकों के बैठने की क्षमता वाला स्टैंड बनेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का श्रेय मंत्री रविंद्र जायसवाल की प्रेरणा और वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के नेतृत्व को जाता है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 13.12.2024

# समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए वीडीए ने लगाया कैंप



**वाराणसी।** जनता की सुविधा और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए वीडीए ने रामनगर स्थित नगर निगम कार्यालय में गुरूवार को कैंप लगाया। जिसमे रोड़ चौड़ीकरण से प्रभावित भवनों के बारें में जहां जनप्रतिनिधियों से चर्चा की गई ,वहीं व्यापारियों से भी सुझाव मांगा गया। कैंप में कुल 173 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान17 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की गयी और 03 शमन मानचित्र दाखिल कराये गया जबकि पहले से दाखिल 09 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण किया गया। कैंप में प्रस्तावित एवं शमन मानचित्र की स्वीकृति दी गई,वहीं मानचित्र संशोधन तथा विभाग से संबंधित जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। वीडीए ने जनप्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल द्वारा रोड चौड़ीकरण से प्रभावित भवनों के सम्बन्ध में दिए गए सुझावों पर जहां चर्चा की, वहीं नए निर्माण करने एवं निर्माण में परिवर्तन करने से पूर्व प्रधिकरणा से मानचित्र स्वीकृत करांने हेतु सुझाव दिया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही नहीं किए जाने और व्यापारियों से हुई चर्चा का भी ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वीडीए के जोनल अधिकारी एवं अवर अभियंता आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा –दि0 13.12.2024

# प्राधिकरण ने सील किया अवैध निर्माण

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड मुगलसराय, थाना - मुगलसराय, मौजा - करवत में सत्यम चौबे द्वारा बिना मानिचत्र स्वीकृत कराये पीलर खड़े करते हुए सरिया एवं सटिरंग का कार्य किये जाने पर पूर्व में उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27, 28 () व 28 () के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा कार्य निरन्तर जारी रखने पर उक्त निर्माण को सील करते हुये थाना मुगलसराय की सतत निगरानी हेतु सौप दिया गया। जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार अवर अभियंता पीएन दुबे व अशोक कुमार यादव तथा प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा –दि0 13.12.2024

# मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने 2.37 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास



वाराणसी। प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने बृहस्पतिवार को 2.37 करोड़ की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसमें शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र के वार्ड शिवपुर में आवासीय योजना के तहत बने एमआईजी (42फ्लैट) के पीछे बने सर्विस लेन पर स्टेडियम रोड के दोनों पटिरयों एवं पार्क रोड के साइड पर टाइल्स के पुर्नस्थापन के कार्य लागत लगभग 44 लाख धनराशि है। इसके अतिरिक्त वार्ड तरना में गौतम गार्डेन कालोनी बाई पास स्थित प्लाट डी-74 के पास सड़क निर्माण लागत 5.5 लाख तथा वार्ड डिठोरी महाल के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में 1 करोड़ 92 लाख की लागत से होने वाले सड़कों के लिंक मार्गो का सुदृढ़ीकरण एवं आरसीसी नालियों का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन कार्यो का शिलान्यास हुआ है, उन्हें युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराए। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण पुलकित गर्ग, अरविंद सिंह, रतन मौर्या, पार्षद अशोक मौर्या, संदीप रघुवंशी, बलिराम कन्नौजिया, रोहित मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।


## राष्ट्रीय सहारा –दि0 13.12.2024


# वीडीए करेगा शिवपुर मिनी स्टेडियम का कायाकल्प

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने शिवपुर में स्थित मिनी स्टेडियम के कायाकल्प की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना, और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह स्टेडियम शिवपुर क्षेत्र के नागरिकों के लिए न केवल खेल अभ्यास का प्रमुख केंद्र है, बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए सुबह-शाम टहलने और व्यायाम का सुलभ स्थल भी है। स्टेडियम में प्रस्तावित सुविधाओं में हॉकी और फुटबॉल के लिए उच्च स्तरीय फील्ड का निर्माण, 162 वर्ग मीटर में बॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट की सुविधा, लगभग 200 वर्ग मीटर में इनडोर गेम्स हॉल का निर्माण व ओपन जिम की सुविधा होगी। खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रबंध किया जायेगा जिसमें महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, महिला एवं पुरुष शौचालय का निर्माण किया जायेगा। स्वास्थ्य और मनोरंजन के क्षेत्र में 358 मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा वॉकिंग ट्रैक (1.20 मीटर पक्का और 1.80 मीटर कच्चा) होगा। 50 व्यक्तियों के लिए सेमी-कवर्ड योग पवेलियन बनेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष क्षेत्र रहेगा। स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थो की उपलब्धता के लिए कैंटीन होगी। खेल प्रतिस्पर्धाओं को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए 250 दर्शकों के बैठने की क्षमता वाला स्टैड बनेगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग का उद्देश्य है कि शिवपुर मिनी स्टेडियम को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो स्थानीय नागरिकों और खिलाड़ियों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करे। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मानना है कि यह पहल नागरिकों को न केवल खेलों के प्रति प्रोत्साहित करेगी, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। इसके साथ ही, यह क्षेत्रीय और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगी। शिवपुर मिनी स्टेडियम के कायाकल्प से नागरिकों को एक बड़ी सौगात मिलेगी और खेल व स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ने के साथ ही शिवपुर क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## तरूण मित्र –दि0 13.12.2024

## वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश की अध्यक्षता में प्रगति कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को जोन-3 (वार्ड- दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली), जोन-4 (भेलूपुर व नगवां), जोन-5 (रामनगर व मुगलसराय) का साप्ताहिक कार्यो के प्रगति (01.12.2024 से 10.12.2024 तक) कार्यों की समीक्षा की गयी।

जिसमें परमानन्द यादव-संयुक्त सचिव, जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियन्ता रोहित कुमार व राजू कुमार, जोन-4 के प्रमोद कुमार तिवारी, अवर अभियन्ता राकेश कुमार सिंह, सोनू कुमार व आर्दश निराला एवं जोन-5 के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता परमानन्द दूबे व अशोक कुमार यादव व अन्य लिपिकगण उपस्थित



वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश साप्ताहिक कार्यो के समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए

रहे।उक्त समीक्षा बैठक में आलोच्य अवधि में जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र तावान/शमन शुल्क की वसूली बेसमेन्ट को खाली कराना, अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही, अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल/ डीजल /सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशनों के विरूद्ध कार्यवाही, आम जनमानस से प्राप्त शिकायतों (आई0जी0आर0एस0) का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना, विन्यास व भवन (वार्ड) के टॉप-10 बकायेदारों आदि मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। अलोच्य अवधि में जोन-4 द्वारा कुल 04 व जोन-5 द्वारा कुल 01 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। आलोच्य अवधि में जोन-3, 4 व 5 द्वारा शमन शुल्क के मद में कुल रू0 54,69,248.00 प्राधिकरण कोष में जमा हुआ।

## तरूण मित्र –दि0 13.12.2024

## नगर निगम और वीडीए साथ मिलकर बनायेंगे आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस शेल्टर होम

### वीसी वीडीए पुलकित गर्ग और नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने किया संयुक्त रूप से निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं अक्षत वर्मा, नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से शहर में आधुनिक बस शेल्टर बनाये जाने के लिए गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया। गौरतलब है कि वाराणसी शहर में प्रतिदिन लगभग 9 से 10 हजार यात्रियों द्वारा इलेक्ट्रिक बस का प्रयोग किया जाता है।

नगर निगम द्वारा चिन्हांकित भूमि उपलब्ध कराये जाने पर आधुनिक बस शेल्टर बनाए जाने में आने वाले व्यय की फंडिंग वाराणसी विकास प्राधिकरण से प्रस्तावित है। इससे जो भी विज्ञापन आदि से रेवेन्यू प्राप्त होंगे, उन्हें दोनों विभाग को शेयर किया जाएगा। वाराणसी शहर में



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए

आधुनिक तर्ज पर बस स्टॉपेज बनाए जाने पर निम्न सुविधा उपलब्ध होंगे। मोबाईल चार्जिंग, टू व्हीलर चार्जिंग एवं सीसीटीवी कैमरा की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

आधुनिक बस शेल्टर में यात्रियों की सुविधा हेतु डिस्प्ले पर बसो के वास्तविक समय प्रदर्शित की जाएगी कौन सी बस किस टाइम पर बस स्टॉप पर पहुंचने वाली है।जे.पी मेहता, चैकाघाट, कैण्ट बस स्टेशन के सामने, विद्यापीठ, भेलुपुर, कीनाराम आश्रम के पास, रविन्द्रपुरी, रविदास गेट के पास एवं लंका बस शेल्टर का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जहाँ पर आधुनिक बस शेल्टर बनाया जा सकता है, इसके अतिरिक्त जिन मार्गों पर सिटी बसें संचालित हो रही है उन मार्गों के स्टापेजों पर भी आधुनिक बस शेल्टर बनाये जायेगें, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।उपरोक्त स्थानों पर आधुनिक सुविधायुक्त बस शेल्टर के बन जाने से यात्रियों को सुविधा मिलने से यात्रियों की संख्या में बढोत्तरी होगी। निरीक्षण के दौरान अनिल यादव सहायक नगर आयुक्त, परशुराम पाण्डेय प्रबन्ध निदेशक, वीसीटीएसएल, मौके पर उपस्थित थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## काशीवार्ता –दि0 13.12.2024

### लम्बित शमन मानचित्रों का शीघ्र करें निस्तारण

वाराणसी (काशीवार्ता)। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशों के तहत सभागार में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल और विन्यास में 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर 2024 तक शमन शुल्क के मद में कुल राशि 15,32,483.00 रुपये जमा की गई है। इस वित्तीय वर्ष (2024-25) में अप्रैल से अब तक कुल 4,98,19,357.00 रुपए की शमन राशि जमा की गई है। साथ ही, स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन एवं विधिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सील प्रकरणों की जाँच और बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की दिशा में सभी अधिकारियों को सचेत किया गया और निर्देशित किया गया कि विलम्बतम 1 सप्ताह के भीतर जनशिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## राष्ट्रीय सहारा –दि0 13.12.2024

### नगर निगम व वीडीए मिलकर बनायेंगे आधुनिक बस शेल्टर होम

**नगर आयुक्त व वीडीए वीसी ने किया स्थलों का किया संयुक्त रूप से निरीक्षण**



वाराणसी (एसएनबी)। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग एवं नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बृहस्पतिवार को संयुक्त रूप से शहर में आधुनिक बस शेल्टर बनाये जाने के लिए स्थल का निरीक्षण किया। शहर में प्रतिदिन लगभग 9 से 10 हजार यात्रियों द्वारा इलेक्ट्रिक बस का प्रयोग किया जाता है।

नगर निगम द्वारा चिह्नित भूमि उपलब्ध कराये जाने पर आधुनिक बस शेल्टर बनाए जाने के लिए व्यय की फंडिंग विकास प्राधिकरण से प्रस्तावित है। इससे जो भी विज्ञापन आदि से रेवेन्यू प्राप्त होंगे, उन्हें दोनों विभाग को शेयर किया जाएगा। शहर में आधुनिक तर्ज पर बस स्टॉपेज बनाए जाने पर मोबाईल चार्जिंग, टू व्हीलर चार्जिंग एवं सीसीटीवी कैमरा की भी सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही आधुनिक बस शेल्टर में यात्रियों की सुविधा के लिए डिस्प्ले पर बसों के वास्तविक समय प्रदर्शित किया जाएगा।

जेपी मेहता, चैकाघाट, कैंट बस स्टेशन के सामने, विद्यापीठ, भेलूपुर, कीनाराम आश्रम के पास, रविन्द्रपुरी, रविदास गेट के पास एवं लंका पर बस शेल्टर के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया। इन स्थानों पर आधुनिक बस शेल्टर बनाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिन मार्गों पर सिटी बसें संचालित हो रही हैं उन मार्गों के स्टापेजों पर भी आधुनिक बस शेल्टर बनाये जायेंगे जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अनिल यादव, सहायक नगर आयुक्त, परशुराम पाण्डेय, प्रबन्ध निदेशक, वीसीटीएसएल मौके पर उपस्थित थे।